भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 872

उत्तर देने की तारीख : 07.12.2023

अल्पसंख्यकों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं

†**872. श्री हाजी फजलुर रहमानः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए उठाए गए उठाए जाने वाले का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश के सभी राज्यों में अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त योजनाओं से अब तक राज्य-वार कितने छात्र लाभान्वित हुए हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ग): सरकार विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के माध्यम से अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से से कमजोर और समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त वर्गों सहित हर वर्ग के कल्याण और उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू करती आ रही है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए देशभर में विभिन्न् छात्रवृत्ति योजनाओं सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को विशेष रूप से लागू किया है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित छात्रवृत्ति योजनाएं अर्थात् (i) मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति, (ii) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, (iii) मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति, केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं हैं, जिसमें धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। उपर्युक्त योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त छात्रों का राज्य-वार विवरण मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् https://www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

*****